कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 30.12.2022

वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन

आज दिनांक 30.12.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशानिर्देशन में रखा गया। यह समारोह मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती छन्नीचंदू साहू जी (विधायक–खुज्जी विधानसभा क्षेत्र) के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्षता के रूप में मान. श्रीमती राजकुमारी सिन्हा जी (अक्ष्यक्ष नगर पंचायत छुरिया) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस वार्षिक पदक वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि श्रीमान रितेश जैन जी (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया), श्रीमान चुम्मन साहू जी (महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव) आदि की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित आगंतुक अतिथियों के द्वारा व छ.ग. के राज्यगीत अरपा पैरी के धार गीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन भी किया गया।

इस समारोह में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) द्वारा मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती छन्नीचंदू साहू जी एवं अध्यक्षता कर रहीं मान. श्रीमती राजकुमारी सिन्हा जी का स्वागत कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य द्वारा प्रतिवेदन उद्बोधन में महाविद्यालय की उपलब्धियां जैसे, महाविद्यालय में पीएससी से 5 नव–नियुक्त सहायक प्राध्यापक, नैक मूल्यांकन द्वारा B ग्रेड प्राप्त हुआ, गत वर्ष में महाविद्यालय का परीक्षा परीणाम उत्कृष्ठ रहा एवं साइकिल स्टैण्ड जैसे समस्याओं से अवगत कराया साथ ही महाविद्यालय के अधोसंरचना से भी अवगत कराया गया।

महाविद्यालय के जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री डुमेश्वर साहू ने महाविद्यालय का मांगपत्र मुख्य अतिथि के समक्ष रखते हुए महाविद्यालय की समस्याओं की जानकारी देते हुए निराकरण की मांग की।

तत्पश्चात उद्बोधन की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि महोदया माननीय श्रीमती छन्नीचंदू साहू जी ने कहा कि शिक्षा से छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। उच्च शिक्षा का अध्ययन कर आप अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते है। रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर को प्राप्त कर सकते है। महाविद्यालय की अधोसंरचना की समस्याओं को हल करने की आश्वासन देने के साथ–साथ महाविद्यालय में स्नात्कोत्तर कक्षाओं एवं पूरक परीक्षा केन्द्र की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

नगर पंचायत अध्यक्ष माननीय श्रीमती राजकुमारी सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। साथ ही उन्होनें स्टील चेयर प्रदान करने का स्वीकृति प्रदान किया और मेन रोड से कॉलेज तक का डामरीकरण कराने का भी आश्वासन दिया।

इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दिया गया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा एवं डॉ. एच.एस. भाटिया एवं छात्रसंघ प्रभारी सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर एवं सभी सहायक प्राध्यापक श्री उष्यंत कुमार चनाप, श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, श्रीमती दीपिका ध्रुवे, श्री विनय चौरे एवं समस्त अतिथि व्याख्याता श्री चैतराम यादव, श्री गन्नू साहू, श्री गौरव तिवारी सुश्री इंदिरा इंदु, श्री गैंदलाल सोनकर, श्री ओमकार सहारे एवं श्री ए.के. रामटेके सहायक ग्रेड 02 और सभी कर्मचारी गण साथ ही महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

इस समारोह में सफल मंच संचालन अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री उष्यंत कुमार चनाप और आभार व्यक्त छात्रसंघ प्रभारी सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर के द्वारा किया गया।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य